दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 27 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान चरम पर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज प्रदेश के तीन संसदीय क्षेत्रों में जनसभाओं को करेंगे संबोधित।
02. निर्वाचन आयोग ने छठे चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में पच्चीस मई को सम्पन्न मतदान का संशोधित आंकड़ा जारी किया। सत्तावन दशमलव एक आठ प्रतिशत हुआ मतदान।
03. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के सिलसिले में बोधगया में सामूहिक योगाभ्यास शिविर का आयोजन। हजारों की संख्या में लोग हुये शामिल।
04. और, चक्रवाती तूफान रेमल के प्रभाव से राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर देर रात तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश। मौसम विभाग ने आज भी कई स्थानों पर बारिश और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान चरम पर पहुंच गया है। इस चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद सीटों पर एक जून को मतदान होना है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में लोगों को गोलबंद करने के लिए चुनावी सभा, रैली और रोड–शो कर रहे हैं।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज प्रदेश में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री गांधी पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के खुसरूपुर में पार्टी प्रत्याशी अंशुल अविजित के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वे पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के दरियापुर में राजद उम्मीदवार मीसा भारती और आरा के जगदीशपुर में भाकपा–माले प्रत्याशी सुदामा प्रसाद के समर्थन में भी चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस के बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और भाकपा–माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य भी श्री गांधी के साथ मंच साझा करेंगे।

---

इधर, जनता दल यूनाईटेड के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नालंदा संसदीय क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के मनेर में पार्टी प्रत्याशी रामकृपाल यादव के समर्थन में एक चुनावी सभा करेंगे। श्री यादव का पटना साहिब के कालादियारा मैदान और टेकाबिगहा मैदान में पार्टी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के समर्थन में भी चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी श्री यादव के साथ मौजूद रहेंगे।

---

निर्वाचन आयोग ने छठे चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में पच्चीस मई को सम्पन्न मतदान का संशोधित आंकड़ा जारी किया है। संशोधित आंकड़ों के अनुसार कुल सत्तावन दशमलव एक आठ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव की तुलना में एक दशमलव दो नौ प्रतिशत कम है। सबसे अधिक वैशाली संसदीय क्षेत्र में बासठ दशमलव पांच नौ प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, पश्चिम चम्पारण में इकसठ दशमलव छह दो, वाल्मीकिनगर में साठ दशमलव एक नौ, पूर्वी चम्पारण में उनसठ दशमलव छह आठ और शिवहर में सत्तावन दशमलव चार प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सीवान में बावन दशमलव चार नौ, गोपालगंज में बावन दशमलव तीन दो और महाराजगंज में बावन दशमलव दो सात प्रतिशत मतदान हुआ है।

---

पटना जिला प्रशासन ने मतदान से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए इलेक्शन मित्र एप और चैट बोट की शुरूआत की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने इलेक्शन मित्र एप और चैट बोट नम्बर जारी किया। चैट बोट नम्बर– **सात चार आठ शून्य आठ आठ आठ चार नौ तीन** डायल कर कोई भी मतदाता वोटिंग से संबंधित जानकारी ले सकता है।

–––बाईट–––

---

जदयू के पूर्व विधायक और पार्टी के राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य विजेन्द्र कुमार यादव को छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के कारण यह कार्रवाई की गयी है।

---

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के सिलसिले में आज बोधगया स्थित मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान की ओर से सामूहिक योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। बोधगया विश्वविद्यालय के फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन आयुष मंत्रालय के उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल ने किया। सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया के सामूहिक उद्घोष के साथ शुरू हुआ, योगाभ्यास कार्यक्रम दो घंटे तक चला।

———बाईट———

कार्यक्रम में लगभग सात हजार लोगों और बौद्ध भिक्षुओं ने सामान्य योग प्रोटोकॉल के आधार पर योगाभ्यास किया। योग संस्थान के निदेशक डॉक्टर काशीनाथ समागंडी ने कार्यक्रम को सफल बताया।

———बाईट———

---

केन्द्र सरकार ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अंतरराष्ट्रीय फर्जी फोन कॉल रोकने के निर्देश जारी किए हैं। संचार मंत्रालय ने कहा है कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल फोन नम्बर दिखाकर अंतर्राष्ट्रीय फर्जी फोन कॉल कर रहे हैं। इन फोन कॉल से साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी की जा रही है। दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर दूरसंचार सेवा प्रदाता ने अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों को पहचानने और उन्हें किसी भी भारतीय दूरसंचार ग्राहक तक पहुंचने से रोकने में मदद करने के लिए एक प्रणाली तैयार की है।

---

बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवातीय तूफान रेमल के प्रभाव से राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर देर रात तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटिहार, पूर्णियां, अररिया, किशनगंज, सुपौल, बांका और भागलपुर समेत आस–पास के हिस्सों में बारिश हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। इस दौरान हवा की गति तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे तक रह सकती है। वहीं, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों में मधुबनी, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, बक्सर, नालंदा, मुंगेर समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर गर्म दिवस की स्थिति बनी रहेगी।

———बाईट——

---

बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र के नारेपुर पश्चिम और झमटिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में तीन युवकों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार शराब पीने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। तीन लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गयी जबकि तीन अन्य का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति संजय कुमार चौधरी ने बताया कि अब अभ्यर्थी अट्‌ठाईस मई तक आवेदन कर सकेंगे। पहले अंतिम तिथि छब्बीस मई तक निर्धारित थी।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने जमुई स्थित सिमुलतला आवासीय विद्यालय में ग्यारहवीं कक्षा में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि विस्तारित कर दी है। अब छात्र दो जून तक आवेदन कर सकेंगे।

---

कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल क्रिकेट का खिताब जीत लिया है। कल चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गये मैच में के.के. आर ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हरा दिया। यह आईपीएल में कोलकाता की तीसरी जीत है। कोलकाता ने पहले गेंदबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को एक सौ तेरह रन के मामूली स्कोर पर समेट दिया।

---

पटना के बाढ़ एनटीपीसी थाना क्षेत्र अन्तर्गत सहनौरा गांव में गंगा नदी में नहाने के दौरान डूबने से चार किशोर की मौत हो गयी। मृतकों में दो सगे भाई हैं।

---

गोवा में एक अनियंत्रित बस के घर में घुस जाने से बिहार के चार मजदूरों की मौत हो गयी। सभी मृतक पूर्वी चम्पारण जिले के हरसिद्धी के रहने वाले थे। इस हादसे में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं, जिनका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

---

काराकाट लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा में तैनात अग्निशमन विभाग के एक कर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गयी। मृतक कैमूर जिले के सिमरा गांव के रहने वाले थे और डिहरी स्थित अग्निशमन कार्यालय में पदस्थापित थे।

---

सीतामढ़ी नगर थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित केनरा बैंक के एटीएम को काटकर चोरों ने बारह लाख रूपये चुरा लिये। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

मुंगेर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक निजी बस स्टैंड से पुलिस ने दो पिस्तौल के साथ एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने आईपीएल और लोकसभा चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

आईपीएल को लेकर हिन्दुस्तान की सुर्खी है– कोलकाता दस साल बाद फिर सिरमौर।

प्रभात खबर लिखता है– सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने झोंकी ताकत।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– गृह मंत्री अमित शाह की औरंगाबाद और रोहतास में सभा। कहा –एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण किसी भी हाल में खत्म नहीं होगा।

आज अखबार कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के पटना में दिये गये बयान को प्रमुखता देते हुये लिखता है– सरकार बनी तो मनरेगा मजदूरों को चार सौ रूपये दिहाड़ी।

दिल्ली के न्यू बोर्न अस्पताल में आग लगने से छह नवजात बच्चों की मौत मामले को लगभग सभी अखबारों ने प्रमुख देते हुये सचित्र प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण ने इस खबर का शीर्षक दिया है– पांच बेड के सेंटर में घटना के समय भर्ती थे बारह बच्चे, संचालक और डॉक्टर गिरफ्तार।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– रचा इतिहास, कान फिल्म महोत्सव में मिले तीन पुरस्कार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान चरम पर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज प्रदेश के तीन संसदीय क्षेत्रों में जनसभाओं को करेंगे संबोधित।

02. निर्वाचन आयोग ने छठे चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में पच्चीस मई को सम्पन्न मतदान का संशोधित आंकड़ा जारी किया। सत्तावन दशमलव एक आठ प्रतिशत हुआ मतदान।

03. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के सिलसिले में बोधगया में सामूहिक योगाभ्यास शिविर का आयोजन। हजारों की संख्या में लोग हुये शामिल।

04. और, चक्रवाती तूफान रेमल के प्रभाव से राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर देर रात तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश। मौसम विभाग ने आज भी कई स्थानों पर बारिश और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।